### मुंबई के लिए भी मिले सीधी ट्रेन, प्रतिदिन हो संचालन

# जबलपुर से चले अमृतसर के लिए सीधी ट्रेन

**जबलपुर, नवभारत।** हाल ही में जबलपुर शहर को दो ट्रेनों की सौगात रायपुर इंटरसिटी और रीवा पुणे एक्सप्रेस के रूप में मिली है। जिसके बाद अब यहां से अमृतसर और मुंबई के लिए भी प्रतिदिन सीधी ट्रेन की मांग मुखर होती जा रही है। बता दे कि कोरोना काल के पूर्व जबलपुर अटारी स्पेशल ट्रेन संचालित होने से अमृतसर जाना आसान था लेकिन अटारी स्पेशल ट्रेन बंद होने के बाद से अमृतसर का जबलपुर से सीधा रेल संपर्क समाप्त हो गया है। अमृतसर जाने के लिए यात्रियों को दिल्ली में ट्रेन बदलना पड़ता है। इन दोनों ट्रेनों की मांग भी उतनी ही पुरानी है, जितनी की रायपुर और पुणे ट्रेन की थी। अभी जबलपुर से अमृतसर के लिए कोई सीधी ट्रेन नहीं है।




**बड़ी संख्या में लोग करते है सफर**

जानकारों की माने तो रोजगार, चिकित्सा, शिक्षा एवं अन्य कार्यों से बड़ी संख्या में जबलपुर एवं आसपास से लोग मुंबई तक आते-जाते रहते हैं। वही अमृतसर ट्रेन भी व्यापारियों के साथ ही धार्मिक एवं पर्यटन के लिए महत्वपूर्ण है। लंबे समय से जबलपुर से दोनों शहरों के लिए नियमित ट्रेन सेवा की मांग होती रही है। रेलवे बोर्ड की ओर से पश्चिम मध्य रेल की दो नई ट्रेनों को हरी झंडी देने से मुंबई एवं अमृतसर ट्रेन को लेकर यात्रियों की उम्मीद बढ़ गई है। अभी आलम यह है कि यात्रियों को अमृतसर की ट्रेन पकड़ने के लिए हजरत निजामुद्दीन स्टेशन में उतर कर नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की यात्रा करना पड़ती है। जहां से उनकी आगे की यात्रा होती है। जो किसी परेशानी से कम नहीं है।

**पैक चलती है ग़रीब रथ और मेल**

जानकारों की माने तो जबलपुर से मुंबई के लिए गरीब रथ के अलावा कोई भी सीधी रेल सेवा उपलब्ध नहीं है। ये गरीब रथ भी साप्ताहिक है, जिसमें आरक्षित श्रेणी के टिकट की सूची लगातार लंबी होती जा रही है। देश के अन्य बड़े शहरों से मुंबई के लिए कुछ ट्रेनें जबलपुर होकर जाती हैं। लेकिन उनमें सीट पाना किसी जंग से काम नहीं साबित होता है। बात करे अगर मुंबई मेल की तो ये गाड़ी सालभर यात्रियों से पैक रहती है।

**इनका कहना है**

आपके द्वारा उठाए गए इस मुद्दे को रेलवे के सामने रखा जाएगा और लोगों के हित के लिए नई ट्रेनें भी चलाई जाएगी।

**शशांक गुप्ता, सीनियर डीसीएम टू, पमरे**

## बाबू के निलंबन पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने असिस्टेंट ग्रेड-2 कर्मचारी के निलंबन आदेश पर रोक लगा दी है। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने ट्रायबल वेलफेयर विभाग के सचिव, कलेक्टर सीधी, सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। यह मामला सीधी निवासी शिवेन्द्र सिंह की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि ट्रायबल विभाग के स्थानांतरण के एक मामले में याचिकाकर्ता ने उच्च अधिकारी के समक्ष फाइल पेश की। आरोप लगाया गया कि कर्मचारी ने फाइल बढ़ाते समय अधिकारी को नियमों की जानकारी नहीं दी। इसलिए 20 जून 2025 को याचिकाकर्ता को निलंबित कर दिया गया। दलील दी गई कि स्थानांतरण करने का अधिकार असिस्टेंट कमिश्नर का होता है। अधिकारी ही नियम कानून पर विचार कर अंतिम निर्णय लेता है।

# जहां जरूरत ज्यादा, वहां कम मिल रही यूरिया

**6950 टोकन बुक, 710 मीट्रिक टन खाद**

**नवभारत, जबलपुर।** किसानों की मांग को देखते हुए प्रशासन द्वारा यूरिया वितरण की तैयारी पूरी कर ली गई है। जिसमें आज 6 अगस्त को डबल लोक केंद्रों से यूरिया का वितरण किया जाएगा।

गौरतलब है कि जिले में कुल 1710 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है, जिसमें 7 डबल लॉक केंद्रों पर 710 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है, जहां पर किसानों के लगभग 6950 टोकन बुक है। वहीं इसके विपरीत प्राइवेट केंद्रों पर 600 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध कराई गई है, देखा



जाए तो सिर्फ 100 मीट्रिक टन ही फर्क सामने आ रहा है। डबल लॉक वितरण केंद्र पर बड़ी संख्या में किसान टोकन बुक करते हैं, लेकिन यूरिया कम पड़ जाती है। जिसके कारण मजबूरन किसानों को प्राइवेट केंद्रों में जाकर अधिक दाम देकर यूरिया खरीदनी पड़ती है।

**तीन भागों में वितरित हुई है यूरिया**

जिले में कुल 1710 मीट्रिक टन यूरिया की व्यवस्था की गई है, जिसके लिए सभी केंद्रों पर कुल मिलाकर 38000 बैग उपलब्ध हैं। जो किसानों को वितरित किया जाएगा। लेकिन इन 1710 मीट्रिक टन में से 710 डबल लॉक तो 600 मीट्रिक टन यूरिया प्राइवेट केंद्रों पर उपलब्ध है। साथ ही 400 मीट्रिक टन यूरिया सहकारी समितियों को मिली है।

लेकिन सहकारी समितियों में कोई टोकन की व्यवस्था नहीं है और प्रशासन द्वारा यह सख्त आदेश है कि बिना टोकन किसी भी किसान को खाद उपलब्ध नहीं होगी, जिसके कारण किसान डबल लॉक केंद्र से ही खाद खरीदते हैं।

**डबल लॉक पर ही व्यवस्था कम क्यों..?**

प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि वितरण में पारदर्शिता बनी रहे और किसी भी किसान को असुविधा न हो। एक ओर प्रशासन द्वारा खाद की कालाबाजारी और किसानों को परेशानी से बचने के लिए डबल लॉक वितरण केंद्र से ही किसानों को खाद वितरित करता है। लेकिन दूसरी ओर डबल लॉक में ही कम मात्रा में खाद मिलती रहती है, जिसके कारण किसान टोकन बुक करके लाइन में तो लगा रहता है, फिर खाद खत्म हो जाने के कारण खाली हाथ ही लौट जाता है।

**इनका कहना है**

टोकन के हिसाब से ही सभी किसानों को खाद मिलेगी, इसके लिए पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध है। सहकारी समितियां में भी 400 मीट्रिक टन यूरिया दी गई है, यहां से किसान यूरिया खरीद सकते हैं।

**हीरेंद्र रघुवंशी, डीएमओ**

# सिरफिरे आशिक ने कुल्हाड़ी से हमला कर की किशोरी की हत्या



**कुल्हाड़ी से तीन वार कर बोला शादी नहीं होगी तो जिन्दा रहकर क्या करेगी**

**घर में घुसकर वारदात आरोपी फरार**

**जबलपुर।** पाटन थाना अंतर्गत ग्राम सकरा में एक सिरफिरे आशिक ने घर में घुसकर किशोरी पर कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। आरोपित ने 15 वर्षिय किशोरी पर कुल्हाड़ी से तीन वार किए थे और यह कहता रहा कि शादी नहीं होगी तो जिन्दा रहकर क्या करेगी। सनसनीखेज वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौका-ए-वारदात पर पहुंच गई और आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर उसकी सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी हैं।

पाटन थाना प्रभारी गोपिन्द्र सिंह राजपूत ने बताया कि सकरा निवासी दो बहने बीती रात सो गई थी। रात लगभग 10 बजे घर के बीच वाले कमरे में 19 वर्षीय बहन एवं उसकी 15 वर्षिय बहन जमीन में बिस्तर बिछाकर अलग अलग सो गये थे बाजू वाले कमरे में उनके माता पिता और दो बहन सो रहे थे। कमरे का दरवाजा लटका हुआ था, कुंडी अंदर से खुली थी रात लगभग 2-30 बजे कमरे में राकेश रैकवार अपने हाथ में कुल्हाड़ी लिये पहुंचा बड़ी बहन कुछ कह पाती तभी राकेश ने यह कहते हुये कि मुझसे शादी नहीं होगी तो जिन्दा रहकर क्या करेगी और जान से मारने की नियत से कुल्हाड़ी से 3 बार हमलाकर छोटी बहन के सिर में चोटें पहुँचा दी वह चिल्लाई तो राकेश कुल्हाड़ी लेकर भाग गया। छोटी बहन उम्र 15 वर्ष की मौत हो गई।

**मेरी नहीं तो किसी की नहीं होने दूंगा**

पुलिस के मुताबिक 19 वर्षीय युवती ने बताया कि गांव का राकेश रैकवार उसकी 15 वर्षिय बहन से इकतरफा प्रेम करता है। कुछ दिन पहले राकेश रैकवार ने उसकी मम्मी से कहा था कि मैं तुम्हारी 15 वर्षिय बेटी से शादी करना चाहता हूं तो मम्मी ने राकेश को समझाया था कि हमारी जाति अलग अलग होने से शादीं नहीं हो सकती हैं तो राकेश रैकवार ने उसकी बहन के बारे में कहा कि यदि मेरी नहीं हुई तो किसी की नहीं होने दूंगा इसी बात को लेकर राकेश रैकवार हम लोगों से रंजिश रखता था।

**एफएसएल टीम ने जुटाए साक्ष्य**

सूचना मिलते ही एसडीओपी पाटन लोकेश कुमार डाबर मौके पर पहुंच गए। एफएसएल टीम ने पहुंचकर अहम साक्ष्य जुटाए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा एवं एसडीओपी पाटन लोकेश कुमार डाबर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पाटन गोपिन्द्र सिंह के नेतृत्व में गठित कर टीम लगाई गई है।

# बाइकों में भिड़ंत, पिता की मौत, पुत्री समेत तीन घायल

**सरोली रोड पर हुआ दर्दनाक हादसा**

**जबलपुर।** मझगवां थाना अंतर्गत सरोली रोड में दो तेज रफ्तार बाइकों में मंगलवार को तेज रफ्तार दो बाइकों में भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार रही कि हादसे में दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। हादसे में पिता की मौत हो गई जबकि पुत्री समेत तीन घायल हो गए। जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के मुताबिक मुताबिक अधारताल निवासी रमेश विश्वकर्मा 56 वर्षीय की बेटी श्रेया विश्वकर्मा 26 वर्षीय की भटौली में सीएचओ के पद पर पदस्थ है। मंगलवार को वह मोटर साइकिल से बेटी को छोड़ने जा रहे थे वह जैसे ही मझगवां सरोली रोड पर पहुंचे तभी सामने से आ रही बाइक में भिड़ंत हो गई। हादसे में पिता पुत्री और दूसरी बाइक में सवार कमलेश, जुगुल गिर गए। हादसे में रमेशा की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि उनकी बेटी और दूसरी बाइक में सवार दो लोग घायल हो गए। सभी घायलों को सिहोरा अस्पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के लिए बाद उन्हें जबलपुर रेफर कर



दिया गया है।


**कन्टेनर ने रौंदा, बाइक चालक की मौत**

सिहोरा थाना अंतर्गत एनएच 30 में कंटेनर चालक ने मोटर सायकिल सवार को कुचल दिया। हादसे में बाइक चालक की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक आदित्य चौधरी निवासी चुंगी नाका करमेता आईटीआई माढोताल ने सूचना दी कि मंगलवार सुबह 11-30 बजे वह एवं दोस्त सौरभ बर्मन अपनी अपनी मोटर सायकिल से मसकरा बायपास तरफजा रहे थे कन्ट्रेनर क्रमांक एनएल 01 एडी 4213 के चालक ने तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये सौरभ को टक्कर मार दी थी, टक्कर लगने से सौरभ 19 वर्ष निवासी ढोडा पोला मझोली की गम्भीर चोट आने से मौके पर ही मौत हो गई।

# मकान की छत तोड़कर कमरे में घुसी गाय

**छुई खदान इलाके की घटना**

**नवभारत, जबलपुर।** सूपाताल के पास स्थित छुई खदान क्षेत्र के एक मकान में अजीबो-गरीब मामला मंगलवार को देखने मिला जहां पहले तो एक गाय सड़क से सीधे मकान की सीमेंट की छत में चढ़ी और फिर छत को तोड़ते हुए सीधे



मकान के कमरे में जा घुसी। गनीमत रही कि कमरे में कोई मौजूद नहीं था नहीं तो एक बड़ी दुर्घटना घटित हो जाती। जानकारी के अनुसार छुई खदान निवासी तौसीफ खान का मकान सड़क के लेवल पर है जिस पर आए-दिन आवारा मवेशी चढ़ जाते हैं। इन्हीं के घर में एक गाय कमरे में देखी गई। सीमेंट की छत से गिरी गाय घबरा गई और गृहस्थी का सामान अस्त-व्यस्त करते हुए घर के बाहर निकल गई।







# बाजार के अंदर बड़े वाहनों का प्रवेश बंद

**त्योहारों को देखते हुए बाजार में बनाए डायवर्सन**

**नवभारत, जबलपुर।** रक्षा बंधन त्यौहार के चलते यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित एवं सुचारू रखने के लिए अस्थाई रूप से परिवर्तन किया गया है, जो आगामी आदेश तक लागू रहेगा। यातयात विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सुपर मार्केट से नरघईया, गोल बाजार से नरघईया , घमंडी चौक, बडा फुहारा, पांडे चौक तक चार पहिया वाहन, ऑटो रिक्शा, ई- रिक्शा का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा, जिसके बाद पाण्डे चौक से चार पहिया वाहन , आटो रिक्शा, ई-रिक्शा को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसके साथ ही पार्किंग की व्यवस्था श्रीनाथ की तलैया में की गई है। प्रशासन ने सख्त आदेश दिए है कि निर्धारित स्थान पर पार्किंग ना करने वालों पर कार्यवाही की जाएगी।

**सदर, गोरखपुर में भी रहेगा प्रतिबंध**

सदर बाजार पेंटी नाका से लेकर जयसवालस पेट्रोल पंप तक वन वे किया गया है, जिन्हे सदर बाजार मे खरीदारी करना है, वह पेंटी नाका से प्रवेश मिलेगा एवं पार्किंग की व्यवस्था सदर मार्केट के सामने बनाई गई है। इसके अलावा जयसवाल पेट्रोल पंप से चार पहिया वाहन, आटो रिक्शा, ई रिक्शा का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। गोरखपुर बाजार व्यावस्था छोटी लाईन फाटक से सभी चार पहिया वाहन , आटो रिक्शा , ई रिक्शा का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। कटंगा तिराहा से भी चार पहिया , आटो रिक्सा , ई रिक्सा का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही पार्किंग व्यावस्था छोटी लाईन में बनाई गई है।

























स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57